## 6 जुलाई को हटाया जाएगा अतिक्रमण

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के बालीनाथ मंदिर खिड़की एरिया से बनाई जा रही सरकारी सड़क निर्माण में अतिक्रमण का रोड़ा आने के बाद निर्माण में रूकावट होने के चलते तहसीलदार मदनलाल मीणा सहित राजस्व कर्मियों द्वारा मौके का जायजा लिया गया।

तहसीलदार मदनलाल मीणा एवं गिरदावर कमलेश कुमार मीणा सहित पटवारी अशोक कुमार मीणा की अगुवाई में राजस्व टीम द्वारा सडक निर्माण में आ रही रुकावट संबंधी विषयों का मौके पर जाकर अवलोकन किया गया। तहसीलदार द्वारा गिरदावर एवं पटवारी से सडक निर्माण वाली जगह के सीमा ज्ञान के बारे में भी जानकारी ली गई। वहीं राजस्व कर्मियों द्वारा तहसीलदार को जानकारी देते हुए बताया गया कि जिस समय सड़क निर्माण के लिए सीमा ज्ञान कर रहे थे तो एक जगह पर अतिक्रमण कारियों ने महिलाओं को मौके पर भेजकर सीमा ज्ञान में अवरोध पैदा किया गया । इस पर तहसीलदार मीणा ने राजस्व कर्मियों से कहा कि 6 जुलाई को पुलिस जाब्ते के साथ सार्वजनिक निर्माण विभाग की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया जायेगा।

# ईआरसीपी के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार ने जनता को गुमराह किया : डॉ. किरोड़ी

**टोडाभीम।** ग्राम पंचायत खेड़ी के बड़ापुरा में स्थित ठाकुरजी मन्दिर पर चल रही भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में बुधवार को पहुचे राज्यसभा सांसद डॉ किरोडीलाल मीना ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से व्यक्ति का चरित्र मजबूत होता है ।

आत्मबल बढ़ने के साथ-साथ आपसी सौहाद्र बढ़ता हैं। डॉ मीना ने खेड़ी के पहाड़ में हो रहे अबैध खनन के बारे में बोलते हुए कहा कि खननकर्ताओं के द्वारा किये जा रहे ब्लास्टों से वहां रह रहे योगियों के मकानों में दरारें पड़ गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि अवैध खनन के मामले में समस्त गांव के ग्रामीण एकराय से सहमत है तो मैं आकर पहाड़ में संचालित सभी खानों को बन्द करवा दूंगा। ग्राम पंचायत खेड़ी में विकास कार्यो के लिए सांसद कोष से दस लाख रुपये देने की घोषणा की गई। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी मीना ने ईआरसीपी पर बोलते हुए कहा कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों को ईस्टन कैनाल से जोड़ने



टोडाभीम क्षेत्र के गांवखेड़ी में भागवत कथा के समापन समारोह को राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी मीना ने संबोधित किया।

के मुद्दे को लेकर कहा कि हमें जो अनुमति मिली हैं । उसमें जुटने वाली भीड़ को देखते हुए उदयपुर में हुई घटना को लेकर राज्य सरकार के द्वार लगाई गई 144 धारा के चलते नांगल प्यारीवास में होने वाली महासभा को स्थगित की। उन्होंने ईआरसीपी का महत्व बताते हुए कहा कि इन पांच नदियों के व्यर्थ बहने वाले पानी को एकत्रित कर पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में इसका पानी दिया जावेगा। ग्रामीणों ने डॉ किरोडी मीना से टोडाभीम बामनवास विधानसभा क्षेत्र के माड क्षेत्र को ईआरसीपी में जोड़ने की मांग की गई। उन्होंने ने कहा कि जिस क्षेत्र को ईस्टन कैनाल के पानी को माड क्षेत्र सहित टोडाभीम को शामिल किए जाने की ग्रामीणों से मांग करने के लिए आंदोलन करने के लिए मेरे साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा ईआरसीपी के साथ प्रदेश की नदियों को छोटे बांधों से जोड़ने की मांग करूंगा और मोदी सरकार से ईआरसीपी को राष्टीय परियोजना घोषित करने की जिम्मेदारी डॉ किरोडी मीना की होगी। डॉ मीना ने प्रदेश को गहलोत सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि ईआरसीपी के मुद्दे पर राज्य की गहलोत सरकार जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही हैं। भागवत कथा के समापन अवसर पर पूर्व विधायक घनश्याम महर, पूर्व मंत्री रामस्वरुप मीना सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की गई। गांव खेड़ी में भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे भंडारे में खेडी, मेरेड़ा गोपालपुरा, सहित कई गांवों के ठाामीणों भंडारे में गांव खेडी सहित क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसादी ठाहण की गई। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उनके छोटे भाई मानसिंह मीना, के द्वारा भंडारे में सहयोग के रूप में एक लाख 11 हजार रुपये की सहयोग राशि आयोजन समिति को प्रदान की गई। इस अवसर पर ठााम पंचायत सरपंच लखनलाल मीना, सामाजिक कार्यकर्ता बिसराम बाबुजी, मोहनलाल तब्बा, मनीराम खेडी, छुट्टनलाल खेडी, पूर्व सरपंच रामप्रसाद मीना, अभिषेक नारेड़ा सहित दर्जनों जम्प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## आवंटित भूमि की हुई नाप

**लालसोट,** (निसं)। मंडावरी कस्बे में नव स्वीकृत कन्या महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर बुधवार को तहसीलदार मदनलाल मीणा के नेतृत्व में गिरदावर कमलेश कुमार मीणा व पटवारी अशोक कुमार मीणा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में नाप जोप की गई।

तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व कर्मियों द्वारा नवसृजित कन्या महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर वहां मौजूद जगह की नाप एवं सीमा ज्ञान कर उस जगह को राजेश पायलट महाविद्यालय के प्राचार्य व इस कार्य के लिए बनाए गए नोडल ऑफिसर आर के परमार को उक्त जगह की सुपुर्दगी दी गई। तहसीलदार मदन लाल मीणा ने बताया कि कन्या महाविद्यालय मंडावरी के लिए आवंटित भूमि 0.19 हेक्टेयर है। इसी भूमि में नवसृजित कन्या महाविद्यालय संचालित होने के लिए भवन निर्माण आदि का कार्य होगा। शहर वासियों ने चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा से मांग करते हुए कहा कि जिस जगह कन्या महाविद्यालय के लिए भवन निर्माण को भूमि का आवंटन हुआ है उसके आसपास भूमि का सरकारी स्तर पर अवाप्ति करण किया जाए ।

## सार-समाचार

### उदयपुर घटना को लेकर आज रहेंगे गंगापुर के बाजार बंद

**गंगापुर सिटी ।** उदयपुर में हुए वीभत्स हत्याकाण्ड के विरोध में हिन्दूवादी संगठनो ने शहर के व्यापारिक संगठनो से अपने अपने प्रतिष्ठानो को बंद रख कर उदयपुर घटना को लेकर आक्रोश दर्ज कराने की अपील की है। उक्त काण्ड को लेकर आमजनता में भारी आक्रोश है। विहिप के सुरेश सैगर ने बताया कि उदयपुर घटना को लेकर हिन्दूवादी संगठनो ने शहर के सभी व्यापारियो संगठनो से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है।

### गंगापुर सिटी से करणपुर बस यात्रा 5 को

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बीजासणी करणपुर वाली सेवा समिति के तत्वाधान में हर माह की छठ को जाने वाली बसयात्रा इस माह 5 जुलाई को नई थोक फल सब्जी मण्डी से दोपहर 2 बजे रवाना होगी। बसयात्रा संयोजक दिनेश चूडी व हरकेश पटवारी ने माता रानी के सभी भक्तो से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सीट बुक करवाने की अपील की है।

### राजीव सिंघल अध्यक्ष बने

**टोंक,** (निसं)। आल राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन आरतिया के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु भूत और मुख्य सलाहकार कमल कंदोई की अनुशंषा पर मुख्य सरंक्षक आशीष सर्राफ एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम बियानी ने टोंक जिले के अध्यक्ष पद पर राजीव सिंघल का मनोयनन किया है। आरतिया राजस्थान प्रदेश के व्यापार, उद्योग और सेवा छेत्र का प्रतिनिधितत्व करती है। राजीव सिंघल वर्तमान में टोंक चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सहित जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष भी है। उनके मनोयनन पर उद्योग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# 'शांति एवं सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा'

**टोंक,** (निसं)। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चिन्मयी गोपाल ने कहा कि जिले में शांति एवं सद्भावना बनी रहे यह हम सभी का दायित्व है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा उन्हें पाबंद किया गया है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करें, उसकी सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस को दी जाए। ऐसे असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर ऐसी कोई टिप्पणी, फोटो या वीडियो अपलोड तथा शेयर नहीं करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। आमजन भ्रामक खबरों व अफवाहों से दूर रहे। जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने कहा कि टोंक जिले के लोग संयमशील है। जिले के सभी धर्मों व समाज के लोग सद्भाव, शांति एवं भाईचारे से रहे। जिले की कानून व्यवस्था किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दी जाएगी। अगर किसी व्यक्ति द्वारा कानून हाथ में लिया गया तो उसके विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा। शांति समिति के सदस्य अब्दुल कवि खान ने कहा कि वे उदयपुर में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते है।

## भामाशाह ने निजी खर्च से स्कूल छत की मरम्मत कराई

**टोडाभीम।** उपखंड क्षेत्र के गांव बिशनपुरा चारण में संचालित सरकारी विद्यालय के कमरों की जर्जर छत को भामाशाह के सहयोग से बारिश से पूर्व मरम्मत कार्य करवाया गया।

गांव बिशनपुरा चारण निवासी भामाशाह गंगाराम बैरवा के के द्वारा गांव में संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की कमरें की छत को बाहर व अंदर से साढ़े 32 हजार रुपये की लागत से सही करवाया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी पर बताया कि भामाशाह गंगाराम के द्वारा समय-समय पर विद्यालय विकस में सहयोग करते रहते हैं। भामाशाह के द्वारा विद्यालय में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्वो पर भी इनके द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप वितरण किये जाने जानकारी दी गई।

# रेलवे ने जनरल टिकिट पर शुरू की रेल यात्रा

**गंगापुर सिटी ।** ट्रेन के जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 29 जून से सभी ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के टिकट मिलने लगेंगे। इससे यात्री बिना रिजर्वेशन कराए फटाफट टिकट काउंटर से टिकट लेकर सफर कर सकेंगे। इस व्यवस्था से एक यात्री को टिकट किराये में 12 से 2० रुपए तक की बचत होगी। इसी के साथ सामान्य श्रेणी के कोचों में आरक्षण की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। एक जुलाई तक यह व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर आ जाएगी। अब जनरल टिकट पर किसी भी मेल या एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री सफर कर सकेंगे। फिलहाल यात्रियों को जनरल टिकट पर 15, स्लीपर पर 2०, एसी-3 में 4०, एसी-2 में 50 और एसी-1 में 6०० रुपए रिजर्वेशन चार्ज देना पड रहा है। वर्तमान में जो ट्रेन संचालित हो रही है। उनमें अभी सिर्फ एक तरफ से ही जनरल टिकट की सुविधा उपलब्ध है। कोरोना काल में रेलवे ने ट्रेनों में भीड को काबू करने के लिए समान्य कोच में आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दी थी। सामान्य कोच में टिकट बुक कराने के लिए यात्री को किराया राशि के अलावा 15 रुपए आरक्षण शुल्क भी देना पड रहा था। यदि सामान्य कोचों में सीट खाली भी होती थी तब भी ट्रेन चलने के करीब चार घंटे पहले टिकट रिजर्वेशन कराना अनिवार्य था, लेकिन इस व्यवस्था के तहत टिकट लेना मजदूर वर्ग के लिए आसान काम न ही था। वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि अधिकांश ट्रेनों में सामान्य टिकट की सुविधा शुरू कर दी गई है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे की ट्रेनों में यह व्यवस्था 29 जून से शुरु हो जाएगी। इसके बाद 5 जुलाई तक 100 प्रतिशत ट्रेनों के सामान्य कोचों के लिए आरक्षण कराने की बाध्यता समाप्त कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना से पहले लगभग सभी ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के टिकट मिलते थे।

## मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। केन्द्र सरकार की समयबद्ध रोजगार नीति, निजीकरण, ठेकेदारी प्रथा एवं बिना सामाजिक सुरक्षा के रोजगार प्रदान करने की नीति एवं अग्निपथ अग्निवीर योजना के विरोध में ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के आव्हन पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के बैनर तले मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा में विरोध प्रदर्शन आयोजन किया गया।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने बताया कि हाल ही में केन्द्र सरकार ने रक्षा सेवाओं में बिना सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित किये समयबद्ध रोजगार देते हुये अग्निपथ अग्निवीर योजना लागू करते हुये देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया इस प्रकार की नीति का ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन इसका विरोध करती है इसके खिलाफ देश भर में रेलकर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

# बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद की

**भरतपुर** (निसं) । थाना मथुरागेट पुलिस ने बाईक चोरी के मामले में एक आरोपी को पकडकर चुराई गई बाईक बरामद की है।

एसपी श्याम सिंह ने बताया कि जवाहर नगर थाना मथुरागेट निवासी सुधीरसिंह पुत्र अजयसिंहने अज्ञात चोर के विरूद्व प्रार्थी के घर के बाहर जवाहरनगर से मोटरसाईकिल नम्बर आरजे 05 एनएस 2200 को जवाहरनगर से चोरी कर लेजाने का एक मामला कल 28 जून को मथुरागेट पर मु0नं0 576/22 धारा 379 भा0द0सं0 में पंजीवद्व कराया था। कपूरचंद सउनि द्वारा दौराने अनुसंधान उक्त मामले के आरोपी1. धर्मेन्द्रसिंह पुत्र महात्मासिंह उम्र 18 वर्ष 4 माह निवासी अनरूद्वपुरा थाना मनसुखपुरा जिला आगरा यूपी को गिरफ्तार कर चुराई हुई बाईक को बरामद किया गया है।

**विवाहिता ने खुदकुशी की :** थाना अटलबंद क्षेत्र के बीनारायण गेट स्थित धीमर मौहल्ला निवासी युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। अटलबंद थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुश्पेन्द्र पुत्र देवेन्द्र कष्यप उम्र 28 वर्ष ने सांय 4.30 बजे अपने घर में फांसी का फंदा लगा लिया । परिजन युवक को आरबीएम अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोशित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना अटलबंद पुलिस आरबीएम अस्पताल पहुची और मृतक के षव का पोस्टमार्टम कराकर षव परिजनों को सौंप दिया।

# त्रिलोक चंद जैन का भरतपुर आगमन पर जोरदार स्वागत

**भरतपुर** (निसं) । अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा भरतपुर के मंत्री अभिषेक जैन एडवोकेट ने बताया कि आज गोपालगढ़ जैन समाज द्वारा अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के 24 जुलाई को हस्तिनापुर में होने वाले

- **अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के 24 जुलाई को हस्तिनापुर में होंगे चुनाव**

राष्ट्रीय चुनावों के लिए आज अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रत्याशी त्रिलोक चंद जैन का भरतपुर आगमन पर जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी त्रिलोक चंद जैन ढाक पुरी वाले को पूर्ण समर्थन प्रदान किया । इस अवसर पर हरिश्चंद्र



जैन महासभा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रत्याशी त्रिलोक चंद जैन का भरतपुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया।

जैन, जवाहरलाल जैन,रविंदर जैन, पंकज जैन, त्रिलोक जैन मोहित जैन, तरुण जैन राकेश जैन, गुलाब जैन, ओमप्रकाश जैन, शशि बाला जैन, पूजा जैन, अंशु जैन, प्रीति जैन सुनीता जैन राकेश जैन भागचंद जैन अशोक कुमार जैन आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे अंत में मीटिंग में पधारे सभी लोगों का त्रिलोक जैन ने आभार व्यक्त किया।

## उदयपुर हत्याकाण्ड मामले में पुलिस व प्रशासन सतर्क


**कोटपूतली,** (निसं)। उदयपुर में हुए हत्याकाण्ड के बाद जहां एक ओर संपूर्ण प्रदेश में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाओं पर अंकुश लगाने के लिए इन्टरनेट सेवायें बन्द की गई हैं। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए कोटपूतली पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आया। स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीयों ने शांति समिति, सुरक्षा सखियों व सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित कर एडीएम जगदीश आर्य ने कहा की घटना है जो कभी भी और कहीं भी घट सकती है। लेकिन हमें आपस में आपसी सौहार्द व भाईचारे की भावना बनाये रखनी चाहिए। उन्होंने कहा जब जब ऐसी घटनाएं घटती हैं तब तब जन आक्रोश होना स्वाभाविक है किन्तू ऐसे वक्त में शांति बनाये रखने की जरूरत होती है। हमें ऐसे वक्त में सोशल मीडिया पर आये किसी भी तरह की पोस्ट पर ध्यान नहीं देते हुए उन्हें आगे फॉरवार्ड करने से भी बचना चाहिए। पुलिस आई टी सेल भी ऐसे पोस्ट और वाइरल करने वालो पर पैनी नजर बनाये हुए है।

# उदयपुर घटना के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुनील दत्त भरतपुर पहुंचे

**भरतपुर** (निसं) । उदयपुर घटना के बाद पुलिस व जिला प्रशासन बुधवार को अलर्ट मोड पर रहा। उदयपुर घटना को लेकर आज पुलिस रेंज प्रभारी व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दूरसंचार सुनील दत्त पहुंचे। जहां आईजी ऑफिस में आईजी प्रसन्न खमेसरा व एसपी श्याम सिंह से संभाग और भरतपुर जिले में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

उदयपुर घटना को लेकर भरतपुर संभाग में इंटरनेट सेवा बंद रही भरतपुर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा आज करौली दौरे पर रहे इस घटना को लेकर भरतपुर जिले में पुलिस गश्त एवं सुरक्षा कडे इंतजाम भी किए गए।

इस अवसर पर पुलिस रेंज प्रभारी व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दूरसंचार सुनील दत्त ने भरतपुर पुलिस रेंज के करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर जिलों के एसपी से भी चर्चा कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली एवं अन्य निर्देष भी दिए। एडीजीपी सुनील दत्त



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दूरसंचार सुनील दत्त

ने बताया कि भरतपुर में आज एसपी सभागार व पुलिस थानों पर हुई शांतिसमिति व सीएलजी की बैठक हुई है जिसमें जिला कलक्टर आलोक रंजन व एसपी श्यामसिंह षामिल रहे । इसके अलावा भरतपुर जिला सहित रेंज के

- **करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर जिलों के एसपी से भी चर्चा कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली**

अन्य जिलों में भी सभी थाना में सीएलजी एवं षांति समिति की बैठक की जाएंगी। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि जिले में पुलिस अधिकारी पुलिस जाप्ता के साथ राउण्ड द क्लॉक गश्त कर रहे है। जिले में पुलिस जाब्ता बढ़ाया गया है। भरतपुर शहर में 17 फिक्स पिकेट सहित मोबाइल गश्त व थानों की पुलिस टीम गश्त कर रही है। इसके लिए शहर में तनाव वाले जगह बुद्ध की हाट में दो पक्षों के झगडे वाले स्थल पर भी अतरिक्त पुलिस जाप्ता लगाया गया है। और जामा मस्जिद , मंदिरों पर भी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया ।

## उदयपुर में हमलों के पीछे आतंकी संगठनों की सोची-समझी साजिश : सिंघवी

**छबड़ा,** (निसं)। विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि उदयपुर में हमलों के पीछे आतंकी संगठनों की सोची-समझी साजिश है। इन अपराधियों के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं। बड़ी बात यह है कि कन्हैया लाल द्वारा पुलिस में सूचना देने पर भी उसकी जान-माल की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा कोई कदम नहीं उठाया। इससे सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हुआ है।

सिंघवी ने कहा कि गहलोत सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण पुलिस उन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं करती, जिन मामलों में मुस्लिमों की भागीदारी होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री निवास पर हुई रोजा-इफ्तार पार्टी में छबड़ा में सांप्रदायिक दंगों का मुख्य आरोपित भी शामिल हुआ। करौली, भीलवाड़ा व जोधपुर सहित अनेक स्थानों पर हुए दंगों में सरकार ने हिंदुओं के साथ अन्याय किया है।

# तीर्थ यात्रा का रजिस्ट्रेशन दस तक

**गंगापुर सिटी।** आयुक्त देवस्थान विभाग राजस्थान उदयपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से ट्रेन व हवाई जहाज द्वारा निशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए 10 जुलाई तक ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। देवस्थान विभाग भरतपुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2०22 के तहत रेल द्वारा 18 हजार एवं हवाई जहाज द्वारा 2 हजार वरिष्ठ नागरिकों से तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिक यात्रियों का चयन जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कमेटी द्वारा लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयनित यात्रियों की सूची कलेक्टर कार्यालय तथा देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। देवस्थान विभाग भरतपुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2022 के तहत रामेश्वरम-मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णोदेवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, सम्मेदशिखर-पावापुरी, उज्जैन-ओकारेश्वर, गंगासागर कोलकाता, कामाख्या गुवाहटी, हरिद्वार-ऋषिकेश, बिहार शरीफ एवं वेलनकानी चर्च तमिलनाडु आदि स्थानों पर रेल यात्रा के माध्यम से जा सकेंगे। वहीं हवाई यात्रा द्वारा पशुपतिनाथ-काठमाण्डु (नेपाल) में तीर्थ यात्रा के लिए जा सकेंगे। आवेदन देवस्थान विभाग की वेबसाइट देवस्थान डिपार्टमेंट राजस्थान पर दिए लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक व उसके साथ जाने वाले सहायक अथवा पति-पत्नि दोनों के पास जनाधार कार्ड अवश्य होना चाहिए। आवेदन पत्र में अपनी पसंद के तीन तीर्थ-स्थल वरीयता ऋम में अंकित किया जाए। 60 साल से ज्यादा उम्र, आयकरदाता ना हो, राजस्थान का मूल निवासी हो एवं 60 वर्ष से अधिक आयु का हो, आयकरदाता नही हो, आवेदक को पूर्व में देवस्थान विभाग द्वारा राजस्थान सरकार की वरिष्ठ तीर्थ यात्रा योजना का लाभ नहीं मिला हो, इस योजना के तहत पूर्व में यात्रा पर सम्पन्न नहीं की गई ऐसे पूर्व आवेदक इस योजना के पात्र हैं।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कलेक्टर हरिमोहन मीना की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें समिति द्वारा उदयपुर घटना की सामूहिक निंदा कर जिले में अमन चैन व शांति बनाये रखकर सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचारों को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने का प्रस्ताव लिया गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि उदयपुर की घटना दुखद है, प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, कानून सम्मत सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्रिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेना सभ्य समाज के लिए निन्दनीय है। जागरूक नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए युवाओं को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोटा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे के लिए जाना जाता है इसे हम सबको मिलकर बनाये रखना है। यहां देशभर के लाखों विद्यार्थी कोचिंग प्राप्त करने आते हैं उनकी सुरक्षा तथा विकास को गति देने के लिए सामुहिक प्रयास की आवश्यकता है।

# स्थापना दिवस पर अपना घर कार्यकर्ताओं ने की गौ सेवा

**गंगापुर सिटी ।** माँ माधुरी बृज वारिस सेवा संस्था अपना घर आश्रम, भरतपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर अपना घर सेवा समिति, गंगापुर सिटी की पुरुष इकाई द्वारा आज प्रात: 8.3० बजे 1०8 फुटिय श्री हनुमान जी गौशाला दौलतपुर पर गौ माताओं को हरा चारा व गुड खिलाने का कार्यऋम बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समिति सचिव शिवनारायण गुप्ता ने बताया कि सर्वप्रथम भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यऋम की शुरुआत की गई। समिति अध्यक्ष रमेश चन्द पट्टीवालों के द्वारा स्वागत भाषण एवं अपना घर आश्रम के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया गया। कार्यऋम में समिति संरक्षक मोतीलाल रावत, गौशाला अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सुराणा द्वारा अपने उद्बोधन से सभी को लाभान्वित किया। इसके पश्चात सभी सदस्यों द्वारा गौ माताओं को चारा व गुड खिलाने का कार्यऋम किया गया। सहयोग राशि के रूप में समिति एवं समिति सदस्यों द्वारा एकत्रित राशि 329००/- गौशाला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर धोलेटा एवं पदाधिकारियों



गंगापुर सिटी में गायों को हरा चारा व गुड खिलाते अपना घर सेवा समिति सदस्य।

को प्रदान की गई। साथ ही समिति द्वारा गौशाला के लिए अपना घर आश्रम का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यऋम के संयोजक धर्मेंद्र सिंह चौधरी सह संयोजक गिरीश मित्तल, चौखेलाल वर्मा व बाबूलाल वर्मा रहे। इस अवसर पर सर्व प्रो.संतोष अग्रवाल, वेद प्रकाश शर्मा, वेद प्रकाश गुप्ता, मदन मोहन आर्य, विकास सागवान, देवेंद्र कक्कड, महेश धोलेटा, दीनदयाल मच्छीपुरा, टीकमचंद, देवकीनंदन फर्नीचर, वासुदेव बंसल, महेश गर्ग, अश्विनी गुलाटी,अनिल खंडेलवाल, विष्णु अग्रसेन, श्रीमती विजयलक्ष्मी, राजेश खंडेलवाल, मुकेश नारोली आदि मौजूद रहे।

## बाजार बंद का आव्हान

**छबड़ा,** (निसं)। स्थानीय भाजपा नेताओं व व्यापार संघ ने उदयपुर में हुई निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए घटना के विरोध में व्यापारियों से गुरूवार को दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का आव्हान किया है। भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ ने यह जानकारी दी।


पश्चिम मध्य रेल

सं. C 4/5 ATM/Vol.VI/2021, दि.: 27.06.2022

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल के 26 स्टेशनों पर ए टी एम (ATM) स्थापित/चलाने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है :

| केटलॉग स. | अनुबंध का प्रकार | लॉट सं. | अनुबंध की अवधि | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| KOTA-ATM-1 | Installation /Operation of ATM | ATM-KOTA-CAG-Gen-21-22-1 | 05 years | सभी लॉटरी के लिए ई-नीलामी 18.07.2022 को 10.00 बजे शुरु होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनिट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मोड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। |
| | | ATM-KOTA-DKNT-Gen-11-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-SMVJ-Gen-15-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-MLZ-Gen-27-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-SVA-Gen-19-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-BXN-Gen-13-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-BUDI-Gen-10-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-HAN-Gen-7-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-KPTN-Gen-26-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-CMU-Gen-18-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-NNW-Gen-28-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-BAZ-Gen-16-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-SWM-Gen-5-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-SYL-Gen-31-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-MKX-Gen-25-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-SGZ-Gen-14-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-RMA-Gen-9-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-KOTA-Gen-3-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-ATH-Gen-29-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-MEP-Gen-24-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-JLWC-Gen-23-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-ATRU-Gen-30-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-LKE-Gen-22-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-IDG-Gen-20-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-KOTA-Gen-2-22-1 | | |
| | | ATM-KOTA-VMA-Gen-17-22-1 | | |

रेल यात्रा के दौरान शिकायत हेतु 138 एवं सुरक्षा हेतु 182 पर संपर्क करें।

